# भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीयकार्यालय)
6ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

दिनांक: 21 जुलाई 2024, रविवार

## केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा महाराष्ट्र के पुणे में भाजपा महाराष्ट्र प्रदेश अधिवेशन में दिए गए संबोधन के मुख्य बिंदु

**इस बार भाजपा को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में 2014 और 2019 से भी बड़ी जीत मिलेगी**

********************

**जब महाराष्ट्र में भाजपा की सरकार आती है तब मराठा आरक्षण मिलता है और जब शरद पवार की सरकार आती है तब मराठा आरक्षण खत्म हो जाता है**

********************

**भारत की राजनीति में शरद पवार भ्रष्टाचार के सबसे बड़े सरग़ना हैं**

********************

**सरकारों में भ्रष्टाचार को संस्थागत करने का काम शरद पवार ने किया है**

********************

**देश की सुरक्षा को औरंगजेब फैन क्लब नहीं केवल भाजपा ही सुनिश्चित कर सकती है**

********************

**PFI का समर्थन करने वाले और संभाजीनगर का विरोध करने वालों की गोद में बैठे हैं उद्धव ठाकरे**

********************

**राहुल गांधी लगातार तीन बार हारकर भी अहंकारी होने का अनूठा उदाहरण पेश कर रहे हैं**

********************

**देश की जनता ने कांग्रेस के खटाखट – फटाफट को नकार दिया**

********************

माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज रविवार को महाराष्ट्र के पुणे में भाजपा महाराष्ट्र प्रदेश अधिवेशन को संबोधित करते हुए शरद पवार के भ्रष्टाचार और विकास विरोधी राजनीति की जमकर आलोचना की और एनडीए सरकार की उपलब्धियों को रेखांकित किया। श्री शाह ने कहा कि **देश की राजनीति में भ्रष्टाचार के सबसे बड़े सरगना शरद पवार हैं, जिन्होंने भ्रष्टाचार को संस्थागत करने का कार्य किया।** कार्यक्रम के दौरान मंच पर महाराष्ट्र भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री चंद्रकांत बावनकुले, महाराष्ट्र भाजपा के प्रभारी श्री भूपेन्द्र यादव, भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री श्री विनोद तावड़े, केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी, श्री अश्विनी वैष्णव, श्री पीयूष गोयल, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री श्री देवेन्द्र फडणवीस, राज्यसभा सांसद अशोक चव्हाण, महाराष्ट्र विधान परिषद की सदस्य श्रीमति पंकजा मुंडे सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

श्री शाह ने कहा कि देश के हर प्रदेश में विस्तारित कार्यकारिणी बैठक का आयोजन किया जा रहा है। **भारतीय जनता पार्टी ने 2024 के चुनाव के बाद देश भर में विस्तारित कार्यकारिणी बैठकों को पुनः शुरू किया है, जिसका उद्देश्य भाजपा के हर एक कार्यकर्ता को फिर से विजय अभियान के लिए तैयार करना है।** महाराष्ट्र में विस्तारित कार्यकारिणी बैठक 2024 के चुनाव की समीक्षा के साथ-

साथ, 2024 के विधानसभा में फिर से एक बार कमल फूल की महायुति सरकार बनाने के लिए बुलाई गई है। भाजपा महाराष्ट्र प्रदेश के कार्यकर्ताओं ने चुनाव अभियान के दौरान पल-पल जूझते रहे और लगातार परिश्रम करते रहे। **महाराष्ट्र के हर कार्यकर्ता ने परिश्रम की पराकाष्ठा करके भाजपा को यश दिलाया है। 60 वर्ष बाद देश में किसी एक नेता को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने का यश आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को मिला है।** माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने हैट्रिक लगा कर तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री चुने गए। **पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में 2014 और 2019 के से भी बड़ी विजय 2024 में प्राप्त करने के लिए पुरुषार्थ करना है।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि दो बच्चे थे, एक ही क्लास में पढ़ाई करते थे। एक बच्चा हमेशा 80% मार्क्स से पास होता था, क्लास में नंबर वन आता था, तीसरी बार उसने लक्ष्य तय किया कि 80% नहीं 90% लाऊंगा। दूसरा जो विद्यार्थी था, 4 साल से उसी कक्षा में था, वो पास नहीं कर पा रहा था। उसके 20% मार्क्स आ रहे थे और उसने लक्ष्य रखा कि मैं इस बार 30% लाऊंगा। जब परिणाम आया तो जिसने 90% का लक्ष्य रखा था, उसके 80 की जगह 78% मार्क्स आए और दूसरे विद्यार्थी को 20% की जगह 25% आ गये। पहली बार ऐसा देखा गया है कि 30% मार्क्स का लक्ष्य तय करने वाला 25% मार्क्स लाकर अहंकार में आ गया। **विश्व भर की राजनीति में जीतने के बाद अहंकार के सैकड़ों उदाहरण हैं, मगर एक अनोखा उदाहरण राहुल गांधी दुनिया दे रहे हैं और वह हारने के बाद अहंकारी हो गए है। भाजपा को 240 सीटें मिलीं, एनडीए को 300 सीटें मिलीं और पूरे इंडी गठबंधन को इकट्ठा होकर भी 240 सीटें भी नहीं मिलीं।** 2014, 2019 और 2024, तीनों चुनावों का अगर योग करें, तो भी कांग्रेस पार्टी की सीटें 240 नहीं पहुंचतीं। **2024 लोकसभा चुनाव में देश भर की जनता ने आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 10 वर्ष के कार्यकाल पर मुहर लगाया है और तीसरी बार बहुमत के साथ शासन करने का अधिकार दिया है।** जब भाजपा ने केवल 2 सीट प्राप्त की थी, तो उस समय राजीव गांधी ने कहा था कि हम दो हमारे दो, लेकिन आज 10 साल से कांग्रेस विपक्ष में बैठी है और यह तय हो गया कि देश का नेतृत्व भारतीय जनता पार्टी करेगी। **2024 लोकसभा चुनाव का विजय एक बहुमूल्य विजय है, क्योंकि 10 वर्ष के काम के बाद शून्य सत्ता विरोधी लहर के साथ, तीसरी बार एनडीए को पूर्ण बहुमत प्राप्त हुआ है।**

श्री शाह ने कहा कि महाराष्ट्र के आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा नेतृत्व में महायुति गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। **भाजपा का लक्ष्य सत्ता में आना नहीं था, अपितु अपनी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना था। भारतीय जनता पार्टी की स्थापना का कारण विचारधारा ही थी।** एक समय में लोगों का मानना था कि भाजपा वाले एक देश में दो निशान, तो विधान और दो निशान को खत्म करने और धारा 370 को हटाने का कोरा नारा लगा रहें हैं। मगर मात्र 10 वर्षों के भीतर आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने धारा 370 को समाप्त कर, जम्मू-कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाने का कार्य किया। कोई नहीं मानता था कि अयोध्या में भव्य मंदिर का निर्माण होगा और रामलला विराजमान होंगे। मगर पिछले 10 वर्षों में रामजन्मभूमि का केस भी जीता गया, मंदिर निर्माण भी हुआ और इसी वर्ष जनवरी में अयोध्या के भव्य मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा भी की गई। **औरंगजेब के शासन में तोड़े गए काशी विश्वनाथ मंदिर का पुनरुत्थान कर, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने काशी विश्वनाथ कॉरीडोर का निर्माण करवाया। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने उत्तराखंड में यूसीसी लागू कर दिया गया है और आज पूरा देश यूसीसी की राह देख रहा है।** पहले की सरकारों में देश आतंकवाद और नक्सलवाद की समस्या से त्रस्त था, देश में आए दिन बम-धमाके कर आतंकी पाकिस्तान भाग जाते थे, वोटबैंक की राजनीति के कारण देश की भूमि लहूलुहान रहती थी। मगर आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने एयर स्ट्राइक और सर्जिकल स्ट्राइक कर, देश से आतंकवाद को समाप्त करने का कार्य किया है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि 2014 के ओडिशा भाजपा अधिवेशन में मैंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर कहा था कि यह जीत केवल एक बार की नहीं है, आने वाले 30 वर्ष भाजपा देश और विभिन्न राज्यों में शासन करेगी। **आज 2024 में केवल 10 वर्ष ही समाप्त हुए हैं, अभी और 30 वर्षों तक भाजपा देश में शासन करने वाली है। महान भारत की रचना केवल भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा और माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा रखी गई नींव ही कर सकती है।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी ने भाजपा को अंत्योदय का स्वप्न दिया, आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पिछले 10 वर्षों में देश के 60 करोड़ गरीबों को घर, गैस, बिजली, शौचालय, अनाज, 5 लाख तक मुफ्त इलाज दिया और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस लाडली भाई और लाडली बहन योजना के तहत महाराष्ट्र की जनता को लाभ पहुंचा रहे हैं। कांग्रेस और उसके साथी दल गरीब कल्याण का कार्य नहीं कर सकते हैं, गरीब कल्याण का कार्य केवल भारतीय जनता पार्टी ही कर सकती है। **कांग्रेस नेता झूठा प्रचार करते हुए कह रहे हैं कि वे गरीबों, दलितों और आदिवासियों कल्याण करेंगे। मगर कांग्रेस ने देश पर 58 वर्षों तक देश की सत्ता में रहते हुए, गरीबों के लिए कुछ भी नहीं किया।** कांग्रेस ने महात्मा ज्योतिबा फुले और बाबा साहब अंबेडकर के उपदेशों को भी समाप्त करने का काम किया। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पिछले 10 वर्षों में गरीब कल्याण का कार्य करके दिखाया है।

श्री शाह ने कहा कि **कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के दौरान लोगों में भ्रांति फैलाई कि भाजपा सत्ता में आई तो आरक्षण समाप्त कर देगी, जबकि सच तो यह है कि एनडीए सरकार के कार्यकाल में ही आरक्षण को 10 साल के लिए बढ़ाया गया और पूर्ण बहुमत होने के बावजूद भी आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने आरक्षण को मजबूती दी।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले शरद पवार तरह-तरह की भ्रांतिया फैलाने में लगे हुए हैं। मगर एक सत्य यह है कि **जब-जब भाजपा महाराष्ट्र में सरकार बनाती है, तब-तब मराठाओं को आरक्षण मिलता है, लेकिन जब भी शरद पवार सत्ता में आते हैं, मराठा आरक्षण लुप्त हो जाता है। 2014 में महाराष्ट्र की भाजपा सरकार ने मराठा आरक्षण की शुरुआत की, मगर 2020 में शरद पवार के समर्थन वाली सरकार आई और मराठा आरक्षण गायब हो गया। उसके बाद महायुति गठबंधन की सरकार ने भी मराठा आरक्षण दिया, लेकिन अगर शरद पवार पुनः सत्ता में आए, तो मराठा आरक्षण को फिर से खत्म कर देंगे।** भाजपा ने समाज के हर तबके को न्याय देने का काम किया है। श**रद पवार ने यूपीए सरकार के एक सर्कुलर को दिखाकर कहा कि देश में दूध का पाउडर आयात किया जा रहा है, मगर पिछले 10 वर्षों में 1 किलो दूध के पावडर का आयात नहीं किया गया और अगले 5 वर्षों में भी ऐसा नहीं होने वाला है।** उन्होंने कहा कि **भारत की राजनीति में भ्रष्टाचार के सबसे बड़े सरगना शरद पवार हैं। शरद पवार ने देश में भ्रष्टाचार को संस्थागत करने का कार्य किया है।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं को कमल के प्रति समर्पित होकर पार्टी को जिताने के लिए परिश्रम की पराकाष्ठा करनी होगी।** विधानसभा चुनाव के परिणाम विपक्ष द्वारा फैलाई जा रही भ्रांतियों का जवाब होगा। भाजपा हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड में जीतकर, राहुल गांधी के अहंकार को चूर-चूर कर देगी। महाराष्ट्र के सभी कार्यकर्ता पूरे देश को उत्साहित करने का कार्य करेंगे और महाराष्ट्र के इतिहास की सबसे बड़ी और प्रचंड विजय महायुती को दिलाएंगे। 10 साल तक देश और महाराष्ट्र में शरद पवार की सरकार थी। **यूपीए शासन में महाराष्ट्र को 1 लाख 91 हजार करोड़ रुपए दिए गए, लेकिन एनडीए सरकार ने पिछले 10 वर्षों में महाराष्ट्र को 10 लाख 5 हजार करोड़ रुपए दिए गए।** भाजपा ने मुंबई, पुणे, नासिक और नागपुर के विकास को आगे बढ़ाया है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने महाराष्ट्र को रोडवेज के लिए 75 हजार करोड़ रुपए, रेलवे के लिए 2 लाख 10 हजार करोड़ रुपए, मुंबई-

अहमदाबाद बुलेट ट्रेन के लिए 1 लाख करोड़ रुपए और एयरपोर्ट के विकास के लिए 4 हजार करोड़ रुपए दिए हैं। महराष्ट्र में 6 लेन वाले अटल सेतु का उद्घाटन किया गया, 11 हजार करोड़ रुपए का पालकी मार्ग बना, रेलवे की 34 नई परियोजनाएं शुरू हुई, मत्स्य पालन के लिए 2600 करोड़ रुपए और 1 लाख 80 हजार मछुआरों के लिए बड़े-बड़े मत्स्य केंद्र बनाए गए। **शरद पवार 10 साल तक कृषि एवं सहकारिता मंत्री रहे, लेकिन 10 हजार करोड़ रुपए के इनकम टैक्स के प्रश्न को हल नहीं कर पाए, मेरे सहकारिता मंत्री बनने के बाद माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने मात्र डेढ़ मिनट में 10 हजार करोड़ रुपए के प्रश्न को हल कर दिया।** आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने नारी शक्ति अधिनियम को पारित कर, लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को 33% आरक्षण दिया और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस ने माझी लाडली बहन योजना के तहत हर बहन को 1500 रुपए देने का काम किया है।

श्री शाह ने कहा कि **देश की जनता ने तो "खटा खट" पर भरोसा नहीं किया, लेकिन कांग्रेस के पास जो राज्य सरकार है कर्नाटक, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश वहां "खटा खट" पैसा भेज दीजिये। कर्नाटक, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार अपनी एक तिहाई घोषणाएं भी पूरी नहीं कर पाई है।** लेकिन मोदी सरकार ने 2014 के एजेंडा का एक भी वादे बाकी नहीं है और 2019 के एजेंडे में से मात्र 3% बाकी रह गया है। भाजपा ने महाराष्ट्र के विकास के लिए ढेर सारे काम किये गए है, समृद्धि राजमार्ग, मुंबई कोस्टल रोड अटल सेतु, मुंबई नागपुर और पुणे में मेट्रो जैसी योजनाओं को पूरा करने का काम किया है। महाराष्ट्र के इतिहास में 2014 से 2019 तक उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस द्वारा किए गए विकास को हमेशा याद रखा जायेगा। **भाजपा की कार्य संस्कृति है कि वह जब भी सत्ता में आती है, तो गरीब, दलित, पिछड़े, आदिवासी के कल्याण के लिए समर्पित रहती है।**

माननीय केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने महाराष्ट्र में 13 जुलाई को 30 हजार करोड़ की नई परियोजना का शिलान्यास और उद्घाटन किया। **बाबा साहेब आंबेडकर का जितना अपमान कांग्रेस पार्टी ने किया है उतना अंग्रेजों ने भी नहीं किया था।** भारतीय जनता पार्टी ने बाबा साहेब अंबेडकर से जुड़े 5 स्थानों को पंचतीर्थ बनाया। **कांग्रेस ने कभी बाबा साहेब आंबेडकर को भारत रत्न नहीं दिया। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने संविधान दिवस मनाने की शुरुआत की और जब गुजरात में मुख्यमंत्री थे तब संविधान को लेकर 26 जनवरी को यात्रा निकाली थी।** भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने देश की सुरक्षा को सुनिश्चित किया है। 2 साल के अंदर भारत नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने तुष्टिकरण की जगह सबको एक सूत्र में पिरोते हुए देश की सुरक्षा को सुनिश्चित है और आतंकवाद को जड़ से उखाड़ने के लिए कई सारे कदम उठाए है। **देश की सुरक्षा को औरंगजेब फैन क्लब सुनिश्चित नहीं कर सकती है। उद्धव ठाकरे औरंगजेब फैन क्लब और महाअघाड़ी के नेता हैं।** अपने आप को बाला साहेब के वारिस बताने वाले उद्धव ठाकरे, कसाब को बिरयानी खिलाने, याकूब को छोड़ने की गुहार लगाने वाले, जाकिर नाइक को शांति का दूत बताने वाले, पीएफआई को समर्थन करने वाले, संभाजीनगर का विरोध करने वाले लोगों के साथ गलबहियाँ करके बैठे है। श्री शाह ने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि **हमारे पुरखों ने जो सिखाया है वह याद करे और राष्ट्र प्रथम की नीति "मुझसे पहले मेरी पार्टी और मेरी पार्टी से पहले मेरा देश" के सूत्र को आत्मसात करके प्रचंड बहुमत के साथ भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनाएं।**

**************************